हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 23 अगस्त 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 कुंडेश्वर लोक घोषणा ने बढ़ाई जिले में आस्था विधायक ...



09 मुंबई-मद्रास की तर्ज पर श्योपुर में विकसित ...



खबर संक्षेप

स्व-रोजगार परियोजना की समीक्षा बैठक

सागर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) जिला पंचायत विवेक के.वी. की अध्यक्षता में स्व-रोजगार परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को स्व रोजगार परियोजना के निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार प्रगति सुनिश्चित करने, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए। सीईओ विवेक के.वी. ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्व-रोजगार परियोजना के अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने हेतु नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा किसी भी प्रकार की कमी को तत्काल दूर किया जाए।

मनीष जैन विदिशा और मोतीलाल अहिरवार कुरवाई एसडीएम बने

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने प्रशासनिक कार्यसुविधा की दृष्टि से संयुक्त कलेक्टर मनीष जैन को विदिशा एसडीएम बना दिया है। साथ ही उन्हे जिला आपूर्ति अधिकारी विदिशा का अतिरिक्त प्रभारी सौंपा है। वहीं जिला कार्यालय विदिशा में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर मोतीलाल अहिरवार को कुरवाई एसडीएम बनाया गया है।

गोसेवा का संदेश लेकर भक्तों के द्वार पहुंचे रावतपुरा सरकार

नंगे पैर हाथों में झोली लेकर घर-घर पहुंचे सरकार महाराज पहली रोटी गोमाता के नाम निकालने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



गोसेवा, करुणा और सनातन संस्कारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अनंत श्री विभूषित संत रविशंकर महाराज 'रावतपुरा सरकार' शनिवार को संत रविदास वार्ड में भक्तों के द्वार पहुंचे। सुबह करीब 8:30 बजे महाराज श्री ने नंगे पैर हाथों में झोली लेकर घर-घर पहुंचकर लोगों से गोमाता के लिए पहली रोटी निकालने का आग्रह किया। महाराज का यह भावपूर्ण स्वरूप देखकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और लोगों ने श्रद्धा के साथ उनका स्वागत किया।महाराज श्री ने संदेश दिया कि झोली अपने लिए नहीं, गोमाता के लिए फैली है। उन्होंने कहा कि बच्चों को संस्कार केवल उपदेशों से नहीं, बल्कि परिवार में होने वाले व्यवहार से मिलते हैं। जब बच्चे अपने घर में प्रतिदिन भोजन की पहली रोटी गौमाता के लिए निकलते हुए देखेंगे तो उन्हें करुणा, सेवा और संवेदना अलग से सिखाने की आवश्यकता नहीं होगी। यह भाव धीरे-धीरे उनके जीवन का हिस्सा बन जाएगा।

प्रेरित किया कि गोसेवा को जीवन का हिस्सा बनाएं

रावतपुरा सरकार ने कहा कि प्रत्येक घर से भोजन की पहली रोटी गोमाता के लिए निकलनी चाहिए। यह केवल परंपरा नहीं, बल्कि जीवों के प्रति करुणा और सेवा का संस्कार है।

उन्होंने लोगों को प्रेरित किया कि गौसेवा को किसी विशेष अवसर तक सीमित न रखते हुए इसे प्रतिदिन के जीवन का हिस्सा बनाया जाए। महाराज का नंगे पैर हाथों में झोली लेकर घर-घर पहुंचना लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। उनके इस प्रयास को श्रद्धालुओं ने केवल गौसेवा का अभियान नहीं, बल्कि परिवार और समाज में सेवा, संवेदना तथा सनातन संस्कारों को मजबूत करने का संदेश बताया। घरों के दरवाजे पर पहुंचकर जब महाराज श्री ने गौमाता के लिए पहली रोटी देने का आग्रह किया तो अनेक श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक रोटी अर्पित की।

महाकाली मंदिर से शुरू हुई यात्रा

गोसेवा और संस्कार जागरण का यह क्रम महाकाली मंदिर से प्रारंभ हुआ। महाराज श्री नंगे पैर भक्तों के साथ विभिन्न मार्गों से होते हुए घर-घर पहुंचे। मार्ग में श्रद्धालुओं ने उनका दर्शन कर आशीर्वाद लिया। जगह-जगह भक्तों में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण दिखाई दिया। यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई श्री भूतेश्वर मंदिर पहुंची। यहां चल रहे शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम में महाराज श्री शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं के बीच पहुंचकर शिव आराधना की और मंच से अपने आशीर्वचन प्रदान किए। महाराज श्री के आशीर्वचन सुनकर वहां उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो गए। मंदिर परिसर में भक्ति और आध्यात्मिकता का वातावरण देर तक बना रहा।

संस्कारों को जीवंत करने का प्रयास

इस अवसर पर गौसेवा के साथ परिवारों में सेवा और संवेदना की भावना विकसित करने पर जोर दिया गया। संदेश दिया गया कि यदि प्रत्येक परिवार प्रतिदिन अपने भोजन की पहली रोटी गौमाता के लिए निकालने का संकल्प ले तो इससे न केवल गौसेवा को मजबूती मिलेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों में भी जीवदया और करुणा के संस्कार विकसित होंगे।कार्यक्रम के पश्चात महाराज श्री रावतपुरा सरकार पंतनगर वार्ड स्थित वेदांती आश्रम के लिए प्रस्थान कर गए। उनके घर-घर पहुंचने के इस अभियान ने श्रद्धालुओं के बीच गौसेवा और संस्कारों को लेकर नई प्रेरणा जगाई। लोगों ने महाराज श्री के इस संदेश को आत्मसात करते हुए अपने घरों में प्रतिदिन पहली रोटी गौमाता के लिए निकालने का संकल्प लिया।



ग्रेटमैन स्कूल में 4 हजार पौधों का वितरण पॉलिथीन मुक्त पृथ्वी का लिया संकल्प

सागर। ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को ओजोन क्लब के तत्वावधान में 17वें ग्रीन अर्थ वेंचर एवं एंटी पॉली बैग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विद्यालय परिवार द्वारा वर्ष 2010 में शुरू किया गया यह अभियान लगातार जारी है। कार्यक्रम के तहत इस वर्ष गुलाब, कॉसमस, शीशम, रिबन ग्रास, डॉरन्टा, लॉसोनिया, बोट लिली और पारिजात सहित विभिन्न प्रजातियों के करीब 4 हजार पौधों का वितरण किया गया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार वर्ष 2010 से अब तक एक लाख से अधिक पौधों का वितरण किया जा चुका है। पौधे प्राप्त करने वाले लोगों ने इनके संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ वायु शुद्धता, जल एवं मृदा संरक्षण, जलवायु नियंत्रण और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। ओजोन क्लब द्वारा पृथ्वी को पॉलिथीन मुक्त बनाने की दिशा में भी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में लोगों को इको-फ्रेंडली बैग वितरित किए गए। विद्यालय परिवार ने कहा कि शुद्ध पर्यावरण मानव समाज की पहली आवश्यकता है। स्वस्थ जीवन के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण प्रदूषण रोकने की दिशा में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए और पौधों के संरक्षण के साथ प्लास्टिक एवं पॉलिथीन के उपयोग को कम करने की पहल करनी चाहिए।



पुत्रदा एकादशी आज : पशुपतिनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक के साथ होगा श्रीकृणाभिषेक

सागर। पंचांग अनुसार पुत्रदा एकादशी का व्रत आज रविवार को रखा जायेगा मंदिरों में भी भगवान का एकादशी अभिषेक श्रृंगार किया जायेगा। तिली रोड स्थित बैंक कॉलोनी के पशुपतिनाथ मंदिर में चल रहे पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं अभिषेक पूजन कार्यक्रम में भी आज रविवार को रुद्राभिषेक के साथ श्री कृष्ण अभिषेक किया जायेगा। पं.शिवप्रसाद तिवारी ने बताया तय समयानुसार सुबह 8बजे से 11बजे तक रुद्री निर्माण और 11.30बजे से 1.30बजे तक रुद्राभिषेक एवं श्री कृष्णाभिषेक किया जायेगा। शनिवार को 12बजे जैसे ही रुद्री पाठ प्रारंभ हुआ उसी समय तेज बारिश प्रारंभ हो गई अभिषेक करने महिलाएं भीगते हुए पानी में आईं ञ। कल शिवलिंग निर्माण एवं पूजन अभिषेक में अशोक मिश्रा, के पी गांधी, बालमुकुंद दुबे, देवेंद्र पटेल, दिनेश दुबे, घनश्याम चौबे, गगन पारासर, दीपक मिश्रा, विपिन नेमा, कृष्णकांत मिश्रा, रमाकांत सोनी, जयश्री दुबे, सीता व्यास, ममता मिश्रा, रजनी चौबे, आभा नायक, अभिलाषा राजपूत, रेखा दुबे, सीमा यादव, रेखा ठाकुर, सीमा शर्मा, मनीषा गांधी, रश्मि शर्मा, रेशू चतुर्वेदी, संतोषी तिवारी, प्रीति पटेल, मीरा गुप्ता, रंजना मिश्रा, सुहागरानी साहू, शिवांगी रावत, रीना खरे, रजनी यादव, भागवती रावत, टीना चौबे, मनीषा तिवारी, किरण भारद्वाज, सुहागरानी पटेल, बंदना पटेल, दीपिका ठाकुर, ऋतु दुबे, प्रियंका गुप्ता, दीप्ति श्रीवास्तव, मांडवी दुबे, नीलू सोनी, रतीबाई तिवारी, तनु शर्मा, दीप्ति यादव, रोशनी ठाकुर उपस्थित रहे।



सम्मान, जो समाज के काम आए संकल्प के तहत 243 को शैक्षणिक सामग्री वितरित

सागर। शासकीय हाईस्कूल पहरगुआं में जिला पंचायत सागर की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज भूपेन्द्र सिंह की उपस्थिति में 'सम्मान, जो समाज के काम आए' संकल्प के अंतर्गत सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 243 विद्यार्थियों को उपयोगी शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई, जबकि 100 जरूरतमंद लोगों को कपड़े प्रदान किए गए। मंदिर समिति को हनुमान चालीसा, श्रीमद्भगवद्गीता एवं सुंदरकांड की प्रतियां भी भेंट की गईं। इस अवसर पर सरोज भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि पूर्व मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने यह संकल्प लिया है कि स्वागत-सम्मान में माला और गुलदस्ते स्वीकार करने के बजाय ऐसी सामग्री ग्रहण की जाए, जो जरूरतमंदों और विद्यार्थियों के उपयोग में आ सके। इसी सोच के तहत विभिन्न स्थानों पर प्राप्त होने वाली सामग्री को जरूरतमंदों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए ड्रेस, टिफिन, कॉपी, पेन, बैग, पेंसिल, टेबल-कंबल सहित विभिन्न उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इस पहल का उद्देश्य केवल सम्मान की औपचारिकता तक सीमित न रहकर उसे समाजोपयोगी कार्य में बदलना है। सरोज भूपेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में शिक्षा के विस्तार और विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिए लगातार प्रयास किए गए हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाकर वे अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ाएं और अपने भविष्य को बेहतर बनाएं। सरोज भूपेन्द्र सिंह ने पहरगुआं में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में दो सीसी रोड निर्माण, पार्क निर्माण, स्ट्रीट लाइट, खेल मैदान तथा इंडोर स्टेडियम जैसे कार्य कराए गए हैं। पार्क निर्माण के लिए लगभग 3 करोड़ रुपये, स्ट्रीट लाइट के लिए 50 लाख रुपये, खेल मैदान के लिए 50 लाख रुपये तथा इंडोर स्टेडियम के लिए 75 लाख रुपये की राशि के कार्यों का उल्लेख किया गया।

श्री झूलेलाल चालीहा महोत्सव में 64 संयुक्त परिवारों का भावपूर्ण सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



संत कंवर राम वार्ड में चल रहे श्री झूलेलाल चालीहा महोत्सव के दौरान आज का दिन सिंधी समाज के लिए बेहद भावुक और यादगार रहा। महोत्सव में समाज की संयुक्त परिवार परंपरा और आपसी एकता को सम्मान देते हुए 64 संयुक्त परिवारों का अभिनंदन किया गया। सम्मान के दौरान कई परिवार भावुक हो उठे और पूरे परिसर में श्रद्धा, आत्मीयता एवं अपनत्व का माहौल नजर आया।

कार्यक्रम में सम्मानित सभी संयुक्त परिवारों का शाल, श्रीफल एवं मिठाई भेंट कर अभिनंदन किया गया। स्वागत करने वालों में लालाराम मेठवानी, अध्यक्ष सुरेश मोहनानी, महिला अध्यक्ष दिया राजपूत, ममता तलरेजा, पवन वाधवानी सहित समाज के गणमान्यजन एवं आयोजन से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे। परिवारों के सम्मान के दौरान पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट और जय श्री झूलेलाल के जयघोष से गूंज उठा।

अपने परिवार के सदस्यों के साथ सम्मान प्राप्त करते हुए बुजुर्गों के चेहरों पर संतोष और नई पीढ़ी की आंखों में अपनी संस्कृति एवं संस्कारों के प्रति गर्व साफ दिखाई दिया। कई परिवारों के सदस्य भावुक होकर एक-दूसरे से गले मिले और इस सम्मान को अपने लिए विशेष गौरव का क्षण बताया।

वक्ताओं ने कहा कि संयुक्त परिवार केवल एक साथ रहने की परंपरा नहीं, बल्कि प्रेम, संस्कार, सहयोग और रिश्तों को मजबूत करने वाली हमारी अमूल्य विरासत है। बदलते दौर में भी जिन परिवारों ने एकजुट रहकर इस परंपरा को जीवंत रखा है, उनका सम्मान समाज की नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी है।

सम्मान समारोह के दौरान कई भावुक क्षण देखने को मिले। बुजुर्गों की आंखों में खुशी के आंसू थे तो बच्चों और युवाओं के चेहरों पर अपने परिवार और समाज के प्रति गर्व झलक रहा था। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था के साथ पारिवारिक एकता और सामाजिक सद्भाव का सुंदर संगम देखने को मिला।

अंत में पूरा वातावरण भक्ति, उल्लास और आत्मीयता से सराबोर हो गया। श्री झूलेलाल चालीहा महोत्सव में आयोजित यह सम्मान समारोह सिंधी समाज की एकता, संस्कारों और संयुक्त परिवार की गौरवशाली परंपरा को समर्पित एक यादगार आयोजन बन गया।

बढ़ती कीमतों के विरोध में जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने बाजार भ्रमण कर विरोध प्रदर्शन किया

सरकार के खिलाफ की नारेबाजी महंगी शक्कर, महंगा तेल यह देखो भाजपा का खेल : शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



देश में लगातार बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल, शक्कर, खाद्य तेल सहित दैनिक उपयोग की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के विरोध में जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को बाजार भ्रमण कर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य बाजारों का भ्रमण कर दुकानदारों एवं आम नागरिकों से चर्चा की और महंगाई से हो रही परेशानियों की जानकारी ली। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3 बजे जिला शहर कांग्रेस कार्यालय से हुआ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'महंगी शक्कर, महंगा तेल, यह देखो भाजपा के खेल' तथा 'खा गई शक्कर, पी गई तेल, देख लो भाजपा का खेल' जैसे नारे लगाते हुए सरकार की नीतियों का विरोध किया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव ने किया।

जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि महंगाई आसमान छू रही है और आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है, लेकिन सरकार कुंभकरणी नींद में सोई हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिसका सीधा असर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की रसोई पर पड़ रहा है।

पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि गरीबों की मिठास कही जाने वाली शक्कर भी महंगाई की मार से अछूती नहीं रही। शक्कर के दाम में करीब 20 रुपए प्रति किलो तक की बढ़ोतरी होने से आम परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ गया है।

संगठन महामंत्री रामकुमार पचौरी ने कहा कि खाद्य तेल के दाम आसमान छू रहे हैं। सरकार गरीबों को महंगाई से राहत देने के बजाय उनकी जेब पर बोझ बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ किसानों के खाद पर भी महंगाई की मार पड़ रही है। जनता को रसोई गैस पर मिलने वाली सब्सिडी को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए।

अमितराम दुबे ने आरोप लगाया कि देश की अर्थव्यवस्था और नीतियों पर बड़े उद्योगपतियों का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश को ठेके पर दे दिया है और जब बड़े उद्योगपति चाहते हैं, देश की दशा और दिशा बदल जाती है। उन्होंने एथनॉल नीति को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पर भी निशाना साधा।सरकार पर जनता की जेब पर डाका डालने का आरोपमुकुल पुरोहित ने कहा कि सरकार ने महंगाई के जरिए गरीबों की जेब पर डाका डाला है। पूरा देश कभी नोटबंदी तो कभी अन्य फैसलों की मार झेल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार विपक्ष की चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करने का काम कर रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। आभार नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव ने माना।

भोपाल में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में शहर सेवादल परिवार हुआ शामिल

सागर। प्रदेश कांग्रेस सेवादल की प्रदेश पदाधिकारियों और जिला संगठकों की बैठक भोपाल में आयोजित हुई। जिसमें जिला शहर कांग्रेस सेवादल परिवार से सिंटू कटारे ने बैठक में शिरकत की और अपनी बात प्रदेश संगठन के सामने रखी। शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने अपने सात साल के कार्यकाल की उपलब्धि और कार्यशैली की समस्त जानकारी प्रदेश संगठन को दी। शहर सेवादल अध्यक्ष के साथ प्रदेश महासचिव विजय साहू, ग्रामीण सेवादल अध्यक्ष बी.डी.पटैल, पार्षद सीमा कमल चौधरी, यंग ब्रिगेड अध्यक्ष दीपक कुर्मी, लल्ला यादव, जयदीप उपाध्याय, मनोज पवार, हरिनाम पटेल, हरिनाथ पटेल आदि ने भोपाल पहुंचकर बैठक में अपनी सहभागिता निभाई।

उल्दन बांध ओवरफ्लो प्रारंभ, मार्ग डूबने पर व्यपवर्तित मार्गों का करें चयन

सागर। बंडा वृहद सिंचाई परियोजना अंतर्गत निर्मित उल्दन बाँध में ं बारिश के जल का स्तर क्रस्ट लेवल से अधिक हो जाने के कारण बाँध ओवरफ्लो होना प्रारंभ हो गया है। जिसके फलस्वरूप बाँध के पीछे वाला अस्थायी मार्ग एवं सागर-धामोनी मार्ग पर ग्राम बहरोल में स्थित पुल पूरी तरह डूब चुका है। ज्ञात हो बंडा- बांदरी मार्ग एवं नीमोन- पिपरिया इल्लाई मार्ग पर स्थित पुल पूर्व में ही डूब चुके है। जन सुरक्षा हेतु एवं जल भराव होने से उत्पन्न होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए उक्त मार्गो हेतु व्यपवर्तित मार्गो का उपयोग करे । बंडा- बांदरी मार्ग पर स्थित पुल हेतुः- साजी तिराहा से पड़वार-राखसी- मड़ैया गोंड - बहेरिया साहनी होते हुए बांदरी पहुंच सकते है अथवा साजी तिराहा से पड़वार- तिनसुआ- सड़ेरी- बहेरिया साहनी होते हुए बांदरी पहुंच सकते है। नीमोन- पिपरिया इल्लाई मार्ग पर स्थित पुल हेतु :- नीमोन-पड़वार- राखसी- मड़ैया गोंड - कुल्ल होते हुए पिपरिया इल्लाई पहुंच सकते है अथवा नीमोन- पड़वार- तिनसुआ- सड़ेरी- बहेरिया साहनी - कुल्ल होते हुए पिपरिया इल्लाई पहुंच सकते है।

खबर संक्षेप

जमीन के विवाद में लाठी डंडों व कुल्हाड़ी से हमला

ललितपुर। थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम थानागांव में जमीन पर कब्जे को लेकर चल रहे विवाद के बीच स्कूटी छिपाने की बात को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि घर के दरवाजे पर बैठे व्यक्ति के साथ तीन लोगों ने लाठी-डंडों से मारपीट की और एक आरोपी ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में पीड़ित के हाथ में गंभीर चोट आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एक महिला समेत तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम थानागांव निवासी परशुराम लोधी पुत्र नारायण सिंह 19 अगस्त की शाम करीब साढ़े छह बजे अपने घर के दरवाजे पर बैठे थे। इसी दौरान गांव के ही दयाराम लोधी पुत्र कैलाश, उसकी पत्नी सविता और कैलाश की पत्नी रामकुंवर वहां पहुंचीं। आरोप है कि तीनों स्कूटी छिपाने की बात को लेकर परशुराम से गाली-गलौज करने लगे। परशुराम ने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इसी दौरान दयाराम ने धारदार कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे परशुराम के बाएं हाथ में कोहनी के पास गंभीर चोट आई। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना तालबेहट में दयाराम लोधी, सविता और रामकुंवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जुआ खेलते पांच आरोपी गिरफ्तार, 9240 रुपए नकद बरामद

ललितपुर। थाना महरौनी पुलिस ने जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ताश के पत्तों के साथ 9,240 रुपये बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। 20 अगस्त की शाम करीब छह बजे उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि अजान रोड पर ग्राम मिदरवाहा के बाहर कुछ लोग खंडहरनुमा मकान के पास ताश के पत्तों पर रुपये लगाकर हार-जीत का जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस टीम ने मौके पर पांच लोगों को ताश के पत्तों पर रुपये की बाजी लगाते हुए पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ग्राम मिदरवाहा निवासी मनोज अहिरवार, क्षितिज उर्फ सतीश सिंह, शिवचरण वंशकार, जीतू उर्फ राघवेंद्र अहिरवार तथा मड़ावरा के ग्राम धवा निवासी प्रेमलाल अहिरवार के रूप में हुई है।

कृषि यंत्रों के लिए ई-लॉटरी से हुआ लाभार्थियों का चयन

ललितपुर। कृषि यंत्रीकरण की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुदान पर कृषि यंत्र प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले किसानों के चयन की ई-लॉटरी प्रक्रिया विकास भवन सभागार में संपन्न हुई। ई-लॉटरी जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति की ओर से सीडीओ की अध्यक्षता में कराई गई। ई-लॉटरी में 10 हजार रुपये से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों के लिए किसानों का चयन किया गया। यह प्रक्रिया सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन, प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजीड्यू सहित कृषि यंत्रीकरण की अन्य योजनाओं के अंतर्गत ऑनलाइन टोकन बुक कराने वाले लाभार्थियों के लिए आयोजित की गई। ई-लॉटरी की प्रक्रिया विकासखंडवार संपन्न कराई गई। प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सबसे पहले प्रत्येक कृषि यंत्र के लिए मॉक ड्रिल कराई गई और इसके बाद ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले किसानों के चयन की ई-लॉटरी की गई। ई-लॉटरी के दौरान उप कृषि निदेशक अख्तर हुसैन, कृषि विज्ञान केंद्र खिरियामिश्र अध्यक्ष डा. मुकेश चन्द्र, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अर्पित जैन, जिला उद्यान अधिकारी राजेन्द्र, जिला कृषि अधिकारी रंजीत कुमार चौरसिया, नाबार्ड जिला प्रबंधक सलिल कुमार अर्कवंशी, लीड बैंक प्रतिनिधि संदीप कुमार, नामित प्रगतिशील कृषक सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

विधायक ने जारी किया विधानसभा का वीडियो तो महंत ने कलेक्टर से हुई चर्चाओं का किया खुलासा

कुंडेश्वर लोक घोषणा ने बढ़ाई जिले में आस्था विधायक और महंत के दावे भी आए सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 21 अगस्त को टीकमगढ़ प्रवास के दौरान प्रसिद्ध स्वयंभू कुंडेश्वर धाम को बाबा महाकाल की तर्ज पर विकसित करते हुए कुंडेश्वर लोक बनाए जाने की घोषणा किए जाने के बाद जिले की धार्मिक और पर्यटन संभावनाओं को लेकर नई उम्मीद जगी है। साथ ही साथ कुंडेश्वर लोक की मांग को लेकर अलग अलग दावे भी सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री की इस घोषणा को कांग्रेस विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेला ने टीकमगढ़ के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि कुंडेश्वर की धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्ता को देखते हुए इसे भव्य स्वरूप देने की मांग उनके द्वारा लगातार उठाई जाती रही है।

विधायक यादवेन्द्र सिंह ने कहा कि कुंडेश्वर को महादेव लोक के रूप में विकसित किए जाने की मांग विधानसभा के मानसून सत्र सहित विभिन्न अवसरों पर उनके द्वारा प्रमुखता से उठाई गई। उन्होंने बताया कि 6 फरवरी को भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र भेजकर कुंडेश्वर धाम को महादेव लोक के रूप में विकसित करने की मांग रखी गई थी। इसके बाद विधानसभा के मानसून सत्र में भी उन्होंने इस विषय को सदन के पटल पर मजबूती से उठाया।

विधायक ने विधानसभा में रखी गई मांग का वीडियो भी जारी किया है। उनका कहना है कि इसी मांग के क्रम में मुख्यमंत्री ने टीकमगढ़ प्रवास के दौरान कुंडेश्वर को महादेव लोक के रूप में विकसित किए जाने की घोषणा कर इस मांग को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि यह केवल विकास की घोषणा नहीं, बल्कि टीकमगढ़ की धार्मिक आस्था, संस्कृति और गौरव से जुड़ा ऐतिहासिक अवसर है। कुंडेश्वर लोक बनाए जाने की घोषणा के अगले ही दिन विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेला सावन के पावन महीने में कुंडेश्वर धाम पहुंचे और भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया। उन्होंने भगवान महादेव से क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। विधायक ने कहा कि कुंडेश्वर को महादेव लोक के रूप में विकसित किए जाने की घोषणा से टीकमगढ़ को नई पहचान मिलने की संभावना है। भव्य धार्मिक विकास होने से न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे जिले में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या बढ़ने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों के नए अवसर भी पैदा हो सकते हैं।



कलेक्टर ने पहले ही तैयार कर रखा था कुंडेश्वर प्लान : महंत सीतारामदास



प्रसिद्ध धजरई हनुमान मंदिर के महंत सीतारामदास निर्मोही ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कुंडेश्वर लोक बनाए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के प्रति आभार व्यक्त किया है। महंत सीतारामदास ने कहा कि कुंडेश्वर लोक बनाने का प्लान टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने काफी पहले से तैयार कर रखा था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के साथ उनकी कई बार चर्चा भी हुई थी। कुंडेश्वर धाम के विकास और उसे भव्य धार्मिक स्वरूप प्रदान किए जाने को लेकर लगातार विचार-विमर्श होता रहा। महंत ने कहा कि कुंडेश्वर लोक के निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भी लगातार इस संबंध में अवगत कराया जाता रहा। महंत सीतारामदास निर्मोही ने कहा कि इन प्रयासों का परिणाम है कि 21 अगस्त को टीकमगढ़ जिला प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुंडेश्वर लोक बनाए जाने की घोषणा की। उन्होंने इसे टीकमगढ़ के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि कुंडेश्वर धाम के विकास से क्षेत्र की धार्मिक पहचान और मजबूत होगी तथा श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। महंत ने कुंडेश्वर लोक की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और इस दिशा में पहले से प्रयास करने वाले कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि कुंडेश्वर धाम को भव्य स्वरूप देने की दिशा में जल्द ही आगे की कार्ययोजना तैयार कर काम शुरू किया जाएगा।

विधायक ने सीएम को सौंपा विकास कार्यों का मांग-पत्र

मुख्यमंत्री के 21 अगस्त के टीकमगढ़ प्रवास के दौरान विधायक यादवेन्द्र सिंह ने विधानसभा क्षेत्र एवं जिले की जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर उन्हें पत्र सौंपा और आवश्यक कार्रवाई तथा समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। विधायक ने टीकमगढ़ की लगातार बढ़ती आबादी को देखते हुए आगामी 50 वर्षों के लिए स्थायी पेयजल समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वार्षिक 7 एमसीएम पानी की योजना स्वीकृत करने का आग्रह किया। उनका कहना है कि भविष्य की आबादी और पानी की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अभी से स्थायी व्यवस्था किया जाना जरूरी है। इसके अलावा टीकमगढ़ जिले में कलेक्टर गाइडलाइन की दरों में हुई 200 से 900 प्रतिशत तक की वृद्धि को जनहित में कम करने की मांग भी मुख्यमंत्री के सामने रखी गई। प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण के लिए अपर मुख्य सचिव स्तर की संभागीय बैठकों को जारी रखने तथा सागर संभाग की लंबित बैठक शीघ्र आयोजित कराने का आग्रह भी किया गया।

पलायन रोकने के लिए उद्योग और रोजगार पर जोर

विधायक ने जिले से हो रहे पलायन को रोकने के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने डायस्पोर, गोरा पत्थर एवं मूंगफली आधारित बड़े उद्योगों की स्थापना कराने की मांग की, ताकि स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके और जिले से होने वाले पलायन पर प्रभावी तरीके से रोक लगाई जा सके। इसके अलावा नवीन भू-सर्वेक्षण (बंदोबस्त) तथा राजस्व अभिलेखों में सुधार की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से लागू कराने की मांग भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई। विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेला ने कहा कि टीकमगढ़ का समग्र विकास, बेहतर मूलभूत सुविधाएं, रोजगार के अवसर और जनहित से जुड़े मुद्दों का समाधान उनकी प्राथमिकता है।

मेडिकल कॉलेज का निर्माण सरकारी मोड से कराने की मांग

विधायक यादवेन्द्र सिंह ने जिले में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के निर्माण को लेकर भी मुख्यमंत्री के सामने मांग रखी। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज का निर्माण पीपीपी मोड के बजाय पूर्णतः शासकीय मोड से कराया जाए और निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाए। विधायक का कहना है कि मेडिकल कॉलेज बनने से टीकमगढ़ जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी और गंभीर उपचार के लिए दूसरे बड़े शहरों पर निर्भरता कम होगी। इसके साथ ही टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री विकास अधोसंरचना के अंतर्गत आवश्यक विकास कार्यों को स्वीकृति देने की मांग भी की गई। भूमि के क्रय-विक्रय एवं पंजीयन पर लगाए गए कथित अवैधानिक प्रतिबंधों को समाप्त करने तथा संबंधित विभागीय परिपत्रों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने का मुद्दा भी पत्र में शामिल किया गया।

स्थानीय संसाधनों को सिर्फ अवसर में बदलने की जरूरत : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि टीकमगढ़ जिले में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। जिले में संसाधनों की कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें अवसर में बदलने की है। सरकार स्थानीय उद्यमियों के व्यापार और उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने 21 अगस्त को अपने टीकमगढ़ जिला प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत उद्यमियों से संवाद करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने संवाद के दौरान मौजूद उद्यमियों से उनके उद्योग, कारोबार और सरकार से मिल रहे सहयोग की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार औद्योगिक क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, अधोसंरचना विकास सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है। झांसी-जतारा-टीकमगढ़ की कनेक्टिविटी बेहतर होने से जिले को अन्य प्रदेशों के बाजारों से जोड़ने में भी मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से कहा कि टीकमगढ़ में दोबारा इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उद्यमी इसमें शामिल हों और जिले में निवेश की संभावनाओं को आगे बढ़ाएं। इससे विकास के नए द्वार खुलेंगे। मुख्यमंत्री की इस घोषणा का उद्यमियों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को होटल, होमस्टे और इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार इसके लिए सब्सिडी उपलब्ध करा रही है, इसलिए उद्यमी योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि टीकमगढ़ में धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। स्थानीय किले के विकास की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सहमति बनने पर इसके विकास की दिशा में भी काम कराया जाएगा। टीकमगढ़ के धरमपुर की प्रसिद्ध पारंपरिक बेल मेटल और पीतल शिल्प कला को लेकर भी मुख्यमंत्री ने गंभीरता दिखाई। उन्होंने शासन स्तर पर लंबित फाइल का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि इसके लिए 1 करोड़ 99 लाख रुपए की योजना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीकमगढ़ की पारंपरिक बेल मेटल शिल्प कला को केवल परंपरा तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि आधुनिक अधोसंरचना, कारीगरों के सशक्तिकरण, रोजगार और बाजार विस्तार से जोड़ा जाना चाहिए। बताया गया कि धरमपुरा में पीतल शिल्प कला के विकास के लिए करीब 6.99 हेक्टेयर भूमि एमएसएमई विभाग को हस्तांतरित की जा चुकी है। उद्यमी गौरव जैन ने मुख्यमंत्री के सामने बुंदेलखंड में पर्यटन की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए सुझाव दिया कि ओरछा, खजुराहो और टीकमगढ़ को तीन प्रमुख पर्यटन केंद्रों के रूप में विकसित कर टूरिस्ट सर्किट बनाया जाए। उन्होंने टीकमगढ़ को धार्मिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने की बात भी रखी।



उद्यमी राजेश साहू ने बताया कि उनकी मूंगफली प्रसंस्करण यूनिट संचालित हो रही है और कारोबार अच्छा चल रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार से करीब 4 करोड़ रुपए की सब्सिडी प्राप्त हुई है। वहीं स्वस्तिक मसाला विनिर्माण इकाई संचालित करने वाली सृष्टि मिश्रा ने बताया कि उन्हें सरकार से 4 लाख रुपए की सब्सिडी मिली है और सरकारी सहयोग से उनका काम बेहतर तरीके से आगे बढ़ रहा है। उद्यमी राज परमार ने जताया में यूनिट शुरू करने की योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर पर उन्हें अच्छा सहयोग मिल रहा है और कोई परेशानी नहीं है। यूनिट को हाईवे से जोड़ने के लिए सड़क की मांग पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज परमार ने बताया कि उनकी यूनिट में करीब 500 लोगों को रोजगार मिल रहा है। उद्यमी सुनीता राज बुंदेला ने बीज उत्पादन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसानों के माध्यम से शहद का उत्पादन भी कराया जा रहा है, जिससे एक किसान को औसतन करीब 50 हजार रुपए का लाभ मिल रहा है। उन्होंने ऑयल मिल शुरू करने की प्रस्तावित योजना के संबंध में भी मुख्यमंत्री के सामने अपनी बात रखी।

ई-रिक्शा चलाने को लेकर दिव्यांग चालक पर हमला

ललितपुर। शहर में ई-रिक्शा संचालन को लेकर हुए विवाद में एक दिव्यांग चालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि क्षेत्र में सवारी बैठाने को लेकर दबंगों ने ई-रिक्शा चालक पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुरईघाट कॉलोनी निवासी इमरान खान ने बताया कि वह दिव्यांग हैं और किराये का ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आरोप है कि ग्राम पिपरिया बंसा निवासी शैलेन्द्र यादव उन्हें लंबे समय से रेलवे स्टेशन क्षेत्र में ई-रिक्शा न चलाने और उस इलाके में सवारी न बैठाने को लेकर धमकाता था। शैलेन्द्र का कहना था कि वह क्षेत्र केवल उसकी टैक्सी के लिए है। 17 अगस्त की शाम करीब छह बजे वह जुगपुरा के पास खेरे वाले माता मंदिर के निकट अपने ई-रिक्शा के साथ खड़े थे। इसी दौरान शैलेन्द्र अपने दो साथियों के साथ वहां पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया।

कलेक्टर के निर्देशन में ग्रे वॉटर प्रबंधन के लिए अपनाई जा रही वैज्ञानिक जल निकासी की देखी व्यवस्था

ग्राम तखा में अंडरग्राउंड ड्रेनेज मॉडल को सीएम ने सराहा, नवाचार का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने और गंदे पानी के बेहतर प्रबंधन के लिए टीकमगढ़ जिले की ग्राम पंचायतों में किए जा रहे नवाचार का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 21 अगस्त को टीकमगढ़ प्रवास के दौरान ग्राम तखा में निरीक्षण किया। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में स्वच्छता के लिए विकसित की जा रही अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम एवं ग्रे वॉटर प्रबंधन व्यवस्था का मुख्यमंत्री ने बारीकी से जायजा लिया।

कलेक्टर के निरंतर निर्देशन में जिले की ग्राम पंचायतों में ग्रामीण स्वच्छता और जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम को लेकर कार्य किया जा रहा है। इसी नवाचार के तहत तखा में तैयार की जा रही व्यवस्था का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया और इसके माध्यम से गांव में गंदे पानी के वैज्ञानिक एवं सुव्यवस्थित निस्तारण की प्रक्रिया को समझा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जिले में ग्रे वॉटर प्रबंधन के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों से निकलने वाले गंदे पानी को खुले में बहने से रोकने और जल निकासी की समस्या का स्थायी एवं व्यवस्थित समाधान करने के उद्देश्य से अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जा रहा है। इससे गांवों में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ जलभराव और खुले नालों से होने वाली परेशानियों को कम करने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने अंडरग्राउंड ड्रेनेज व्यवस्था का सूक्ष्मता से निरीक्षण करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के लिए किए जा रहे इस नवाचार की जानकारी ली। उन्होंने वैज्ञानिक तरीके से ग्रे वॉटर के निस्तारण और जल प्रबंधन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को बेहतर बनाने के लिए ऐसी व्यवस्थित और वैज्ञानिक व्यवस्थाओं को बढ़ावा दिया जाना महत्वपूर्ण है। तखा पहुंचने के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्रामीणों से भी मुलाकात की। उन्होंने जनता का अभिवादन स्वीकार किया और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन भी मुख्यमंत्री को सौंपे गए। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनकी बातों को सुना। जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह के साथ जिला पंचायत के जिला समन्वयक मनीष जैन भी इस दौरान मौजूद रहे। उन्होंने जिले में ग्रामीण स्वच्छता, ग्रे वॉटर प्रबंधन और अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम को लेकर किए जा रहे कार्यों की जानकारी में सहयोग किया। मुख्यमंत्री के तखा दौरे के दौरान मध्य प्रदेश शासन की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण तथा विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध-घुमक्कड़ कल्याण विभाग की राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन अशोक बरनवाल, मुख्यमंत्री के सचिव सुदाम खाड़े, जनसंपर्क आयुक्त मनीष सिंह, सागर संभाग आयुक्त अनिल सुचारी, आईजी मिथिलेश शुक्ला, डीआईजी विजय खत्री, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। तखा में मुख्यमंत्री के निरीक्षण के बाद जिले में ग्रामीण स्वच्छता और ग्रे वॉटर प्रबंधन के लिए किए जा रहे इस नवाचार को लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी उत्साह देखा गया। अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम के माध्यम से गांवों में गंदे पानी की निकासी को खुले नालों की बजाय व्यवस्थित प्रणाली से जोड़ने का प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को नई दिशा देने वाला कदम माना जा रहा है।





परिषद की स्वीकृति मिलते ही ईदगाह रोड पर जमीन की नाप-जोख करने पहुंचा नपा अमला

मुंबई-मद्रास की तर्ज पर श्योपुर में विकसित होगा मछली मार्केट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिस तरह मुंबई और मद्रास में ग्राहकों को हरदम ताज़ा मछलियां मिलती है उसी तर्ज पर श्योपुर में भी मछली मार्केट विकसित किया जाएगा। यहां पर न सिर्फ मछलियों को ताजा रखने के लिए बर्फ वाले कंटेनर रखे जाएंगे बल्कि छोटे-छोटे टैंक भी बनाए जाएंगे जिसमें मछलियां जीवित रह सके। करीब 60 लाख रुपए लागत से निर्मित होने वाले इस प्रोजेक्ट के लिए सरकार ने मत्स्य विभाग के माध्यम से नगर पालिका को राशि भी उपलब्ध करा दी है और इस मार्केट को विकसित करने के लिए नगर पालिका परिषद की बैठक में शुक्रवार को पार्षदों ने अपनी सहमति भी दे दी है। इसके बाद अब मछली मार्केट के बनने का रास्ता साफ हो गया है नगरपालिका ने इसके लिए प्रशासन द्वारा ईदगाह रोड पर उपलब्ध कराई गई जमीन पर नापजोख शुरू कर दी है।

शुक्रवार को आयोजित हुई नगर पालिका परिषद श्योपुर की बैठक में विकास के जिन मुद्दों को पार्षदों ने अपनी सहमति दी है उसमें ईदगाह रोड पर मछली मार्केट विकसित करना भी शामिल है। इस काम के लिए नगर पालिका को सरकार से अनुदान भी मिल चुका है लंबे समय से मत्स्य विभाग नगर पालिका से उक्त मार्केट बनाने के लिए पत्राचार कर रहा था अब ऐसा लगता है कि मछली मार्केट के लिए नगर पालिका ने भी मन बना लिया है और ईदगाह रोड पर पुलिया के पास प्रशासन ने जो जमीन नगर पालिका को हैंडओवर की है उस जमीन पर नपा टीम ने पहुंच कर नाप जोख शुरू कर दी है। हालांकि मछली मार्केट इसी जगह पर बनना प्रस्तावित है लेकिन जिस तरह से सरकार मार्केट बनवाना चाहती है उसके लिए वहां पर्याप्त जगह है या नहीं यह जानकारी भी ली जा रही है। ज्ञात हो कि मछली मार्केट में विक्रेताओं को सिर्फ थड़े बनाकर ही नहीं दिए जाएंगे बल्कि वहां हर दुकानदार के लिए छोटे कंटेनर उपलब्ध कराने के साथ-साथ छोटा तालाब भी विकसित किया जायेगा जिसमें ऑक्सीजन हमेशा चलता रहेगा जिससे मछलियां उसमे जिंदा भी रह सकेंगी। इससे मछली व्यवसाईयों को घाटा उठाना नहीं पड़ेगा अभी मछली नहीं बिकने पर विक्रेताओं को ओने-पौने दामों पर मछली बेचना पड़ जाती है लेकिन अब मछलियां जीवित भी रखी जा सकती हैं साथ ही ऐसे कंटेनर (रेफ्रिजरेटर) उपलब्ध कराए जाएंगे जिसमें मछली का स्वाद अधिक समय तक रखने के बाद भी ना बदले। कुल मिलाकर मछली मार्केट विक्रेताओ के साथ मछली खाने के शौकीनो के लिए भी अच्छी सौगात होगी और दुकानदारों को तो इसका लाभ मिलना ही है।



भू-माफिया के खिलाफ अभियान में छुड़ाई थी जमीन

ईदगाह रोड पर जिस जमीन पर मछली मार्केट बनाया जाना प्रस्तावित है वह जमीन कमलनाथ सरकार के समय चलाए गए भू-माफिया से जमीन मुक्त अभियान के तहत छुढ़ाई गई थी उक्त जमीन पर किसी व्यक्ति का अवैध कब्जा था उस कब्जे को प्रशासन ने हटाकर जमीन नगर पालिका के सुपुर्द कर दी थी तब से लेकर अब तक इस जमीन का उपयोग किस काम के लिए किया जाए इस पर सिर्फ माथा -पच्ची ही होती रही बाद में इस जमीन पर मछली मार्केट बनाया जाना प्रस्तावित किया गया।

अंजुमन की मांग: मीट मार्केट भी जाए शहर से बाहर

उधर अंजुमन इस्लाम समिति ने भी मीट मार्केट को शहर से बाहर ले जाने की मांग की है अंजुमन सदर अकरम खान ने बताया कि पहले अदब के दायरे में मांस काटे जाने और बेचे जाने के लिए कमले की व्यवस्था की थी लेकिन बाद में यह व्यवस्था लापरवाही की भेट चढ़ गई और अब खुले में मांस काटा बेचा जा रहा है। ऐसी स्थिति में नालियों में रक्त बहने से दूसरे धर्म के लोगों की धार्मिक भावनाए आहत होती हैं साथ ही गंदगी भी फैल रही है इसे रोकने के लिए शहर के भीतर मछली के साथ-साथ मांस के विक्रेय पर भी रोक लगाई जाए और पुराने कमेला पद्धति को दोबारा से जीवित किया जाए और शहर से बाहर ईदगाह रोड या ईदगाह के पास कहीं भी हलाली मीट मार्केट बनाया जाए। जहां जानवर काटने और बेचने का व्यवसाय किया जा सके। शहर के भीतर इस तरह का व्यवसाय करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगे।

इनका कहना...

मछली मार्केट ईदगाह रोड पर बनाया जाना प्रस्तावित है लेकिन आर्किटेक्ट मार्केट बनाने के लिए जो जगह चाह रहे है उस डिजाइन को उक्त जगह पूर्ति करती है या नहीं फिलहाल इसके लिए नाप-जोख करवा रहे है।

नरेंद्र जाटव
सीएमओ श्योपुर

प्रदेश उपाध्यक्ष ने भाजपा नेताओं को बताए चुनाव में जीत के तरीके

सरकार की जन हितैषी योजनाओं को बनाएं जीत का आधार:निशांत



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

देश और प्रदेश में भाजपा वाली डबल इंजन की सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ हर वर्ग को आसानी से मिल रहा है लेकिन उसका लाभ सरकार और आपको (भाजपा) चुनाव लड़ते समय मिले इसके लिए उक्त योजनाओं के प्रचार प्रचार में आपको शामिल होना पड़ेगा। जिन लोगों तक सरकार की जनहितेषी योजनाएं पहुंच रही हैं उन तक आपको यह संदेश पहुंचाने की जरूरत है कि यह योजनाएं भाजपा सरकार आपको प्रदान कर रही है और इसके बाद जब आप चुनाव प्रचार के समय वोट मांगने जाओगे तो इसका लाभ भी आपको मिलेगा।

यह बात भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों और संगठन के पदाधिकारियों द्वारा किए गए कामों की समीक्षा करने श्योपुर पहुंचे भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभागीय संगठन प्रभारी निशांत खरे ने शनिवार को भाजपा कार्यालय पर त्रिस्तरीय बैठकों में सम्बोधन देते हुए कही।

संभागीय संगठन प्रभारी निशांत खरे ने भाजपा कार्यालय पर तीन बैठके की पहली बैठक वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ की। दूसरी बैठक भाजपा जनप्रतिनिधियों पार्षदों के साथ हुई तीसरी बैठक विभिन्न मंडलों के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ की गई बैठक में संगठन मंत्री ने कार्यकर्ताओ से अनुशासन को सर्वोपरि मानकर काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में जन कल्याणकारी योजनाएं जितनी चल रही है और उनका लाभ जितनी आसानी से लोगों को मिल रहा है उससे पहले कभी नहीं मिला पहले लोगों को घरों पर दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे लेकिन अब सरकार शिवरों के माध्यम से घर गांव और घर-घर पहुंचकर योजनाओं का लाभ दे रही है इन शिवरों में भाजपा कार्य करता अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि लोगों को पता होना चाहिए कि उनको मिल रही योजनाओं का लाभ भाजपा सरकार दे रही है। इस दौरान जिले की समीक्षा रिपोर्ट पेश करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा किए गए नवाचार के तहत हर महीने की मासिक बैठक आयोजित की जा रही है जिसमें पहले मंडल स्तरीय बैठक की समीक्षा होती है फिर जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की जाती है इसके बाद शक्ति केंद्र बूथ लेबल स्तर पर होने वाले आयोजनों की समीक्षा होती है। बाद में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम पर चर्चा की जाती है। इस दौरान वन विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) रामनिवास रावत, सहरिया विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष गुड्डी बाई, पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय एवं बृजराज सिंह चौहान, प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई, नगर पालिका अध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग, राम लखन नापाखेड़ली सहित भाजपा नेता मौजूद रहे।

श्योपुर जेल से 22 फीट ऊंची दीवार फांदकर भागा कैदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर जिला जेल की कडी सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए शनिवार को एक विचाराधीन कैदी दोपहर पौने एक बजे के आसपास जेल की 22 फीट ऊंची दीवार फांदकर भाग निकला। दिनदहाडे श्योपुर जेल से कैदी के भागने की खबर जेल प्रशासन को घटना के करीब सवा दो घंटे बाद मिली। जिसके बाद जेल प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन फानन में जेल प्रशासन ने जेल से भागे कैदी की अपने स्तर से तलाश शुरू कर दी,मगर खबर लिखे जाने तक कैदी का कोई पता नहीं चला है। जेल से भागा कैदी नाबालिग बालिका के अपहरण मामले में करीब ढाई माह से श्योपुर की जेल में बंद था। कैदी के भागने की खबर पर जेल प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी श्योपुर जेल पहुंच गए है। लेकिन इस घटना से श्योपुर जेल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लग गए है।

जानकारी के अनुसार श्योपुर जेल से भागा कैदी धर्मेन्द्र कुशवाह पुत्र सुरेन्द्र कुशवाह निवासी पालयचा बेलगडा ग्वालियर को कराहल थाना पुलिस के द्वारा 31 मई को नाबालिग बालिका के अपहरण संबंधी मामले में अरेस्ट करके श्योपुर जेल भेजा था। शनिवार की दोपहर करीब पौने एक बजे कैदी धर्मेन्द्र तब जेल से फरार हो गया, जब जेल में कैदी गीता पाठ की ऑनलाइन ट्रेनिंग मे शामिल होने के लिए गए थे। बताया जा रहा है कि जब सभी कैदी ऑनलाइन ट्रेनिंग में शामिल होकर वापस अपने बैरको में लौट रहे थे,तभी मौका पाकर धर्मेन्द्र चादर से बनाई रस्सी के सहारे जेल की दीवार को फांदकर भाग निकला। कैदी के भागने की घटना का पता जेल प्रशासन को करीब तीन बजे चला। जिसके तुरंत बाद जेल प्रशासन और बंदी रक्षकों में खलबली मच गई। एहतियात के तौर पर सभी बैरकों के बंदियों को बाहर निकालकर गिनती कराई गई, लेकिन धर्मेन्द्र का का कहीं कोई सुराग नहीं मिला।

कैदी के भागने से जेल प्रशासन की सुरक्षा पर सवाल

श्योपुर जिला जेल से दिनदहाडे कैदी के फरार हो जाने की घटना से जेल प्रशासन की सुरक्षा पर सवालिया निशान खडे हो गए है। बताया जा रहा है कि कैदी चादर की रस्सी बनाकर उसके जरिए दीवार फांदकर भागा है,अब सवाल यह है कि कैदी से एक दिन में तो इतनी लंबी रस्सी नहीं बन गई होगी,वह कुछ दिन पहले से इसकी तैयारी कर रहा होगा,लेकिन इसकी खबर कैदियों की सुरक्षा में जेल के अंदर तैनात रहने प्रहरियों को पता क्यों नहीं चली। विचारणीय पहलू यह भी है कि कैदी के भागने के करीब सवा दो घंटे बाद जेल प्रशासन को इसका पता चल सका है।

इनका कहना

विचाराधीन कैदी धर्मेन्द्र दोपहर के समय जेल से भाग निकला है। जिसकी तलाश की जा रही है।

प्रभात कुमार
जेल अधीक्षक जिला जेल श्योपुर

श्योपुर जेल से जो कैदी भागा है,उसकी तलाश की जा रही है।आसपास के जिलो में भी इस संबंध में सूचना दे दी गई है।

मोतीउर रहमान
एसपी,श्योपुर

पिंक टॉयलेट नारी सम्मान की पहल: संजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शुक्रवार को आयोजित हुई नगरपालिका परिषद की बैठक में जिस पिंक शौचालय (सिर्फ महिलाओं के लिए) बनाने पर मोहर लगाई है उसे भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने नारी सम्मान की पहल बताया है।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मंगल ने बताया कि नगरपालिका परिषद ने नारी के आत्मसम्मान, गरिमा, सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए महानगरों की तर्ज पर श्योपुर नगर में पिंक टॉयलेट निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया है। यह निर्णय महिलाओं के हित में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि महिला सम्मान केवल शब्दों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधायुक्त वातावरण के रूप में धरातल पर दिखाई देना चाहिए। पिंक टॉयलेट जैसी सुविधाएं सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके आत्मसम्मान और गरिमा को भी मजबूती प्रदान करेंगी।



सांदीपनि विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित, भुवनेश्वर ने पाया प्रथम स्थान

श्योपुर। संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में सांदीपनि विद्यालय, श्योपुर में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने संत रविदास जी के जीवन, विचारों, सामाजिक समरसता एवं मानवता के संदेश को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। राजेश शर्मा एवं लोकेश मथुरिया के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में भुवनेश्वर सिंह ने प्रथम स्थान, काजल सेन ने द्वितीय स्थान तथा अनन्या टैगोर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक खंडेलवाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए संत रविदास जी के आदर्शों एवं उनके समतामूलक विचारों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।



पीएमजीएसवाय योजना में बन रही सडकों में की जा रही लीपापोती

इधर पहली बारिश में ही दरकी तो उधर गारंटी अवधि के दौरान ही धंसक गई सडक



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भलेही प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत गांवों को पक्की सडक की सुविधा मिल रही हो,लेकिन श्योपुर जिले में इस योजना के तहत बनाई जा रही सडकों में लीपापोती की जा रही है। यह हम नहीं कह रहे,बल्कि इसकी बानगी जिला मुख्यालय के नजदीकी कस्बे सोंईकलां में खुरखुरा तक हालही में बनाई गई पीएमजीएसवाई योजना की सडक है, यह सडक बनते ही दरक गई है। उधर बडौदा तहसील क्षेत्र में राजौरा तक बनाई गई 12 किलोमीटर लंबी सडक भी गारंटी अवधि के दौरान कई जगह से धंसक गई है। मगर जिम्मेदारों को इस तरफ देखने तक की फुर्सत नहीं है। यही वजह है कि इन सडकों को बनाने वाले ठेकेदार इन सडकों की स्थिति सुधारने की तरफ गंभीरता नहीं दिखा रहे है। इस मामले में क्षेत्रीय ग्रामीणों ने खासी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से इन सडकों के निर्माण की जांच कराए जाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सोईकलां से खुरखुरा आदिवासी बस्ती तक पहली बार डामरीकृत सडक बनाई गई है। सोंईकला बायपास से खुरखुरा आदिवासी बस्ती तक बनने वाली इस सडक के लिए शासन की ओर से 71 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। ग्रामीणों के मुताबिक सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा कई स्थानों पर दोनों तरफ गिट्टी डालकर डामरीकरण किया गया, जबकि बीच में पुलिया निर्माण के लिए जगह छोड़ी गई। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया और डामरीकरण के नाम पर महज खानापूर्ति की गई। इसी का परिणाम है कि लाखों रुपए खर्च कर बनाई गई यह सड़क पहली बारिश के दौरान ही दरक गई है। सडक में आई दरार इस सडक के घटिया निर्माण की पोल खोल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क निर्माण के दौरान सड़क की सतह, गिट्टी और डामरीकरण का काम मानकों के अनुरूप किया गया होता तो इतनी जल्दी सड़क के धंसने की स्थिति नहीं बनती। सड़क के कई हिस्सों में धंसाव के कारण आने-जाने वाले ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बारिश के दिनों में सड़क के और अधिक खराब होने की आशंका बनी हुई है।

गारंटी अवधि के दौरान कई जगह से धंसकी राजौरा तक बनी सडक



बडौदा तहसील क्षेत्र में श्योपुर कुहांजापुरा स्टेट हाइवे से राजौरा तक बनी 12 किलोमीटर लंबी सडक प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत वर्ष 2021 में बनाई गई थी। इस सडक के निर्माण पर शासन की ओर से एक करोड 12 लाख 68 हजार रूपए की राशि खर्च की गई है। ग्रामीणों की माने तो इस सडक की गारंटी अवधि 20 अक्टूबर 2026 को समाप्त होने जा रही है। लेकिन यह सडक वर्तमान में कई जगह से धसक गई है,जबकि कुछ जगह डामर भी उखड गया है। जिसकारण ग्रामीणों को इस सडक से गुजरने के दौरान खासी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। लेकिन इसके बाद भी न तो संबंधित ठेकेदार इस सडक की स्थिति को सुधार रहा है और न ही जिम्मेदार विभागीय अफसर इस दिशा में कोई ध्यान दे रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि सडक की गारंटी अवधि पूरी होने में सिर्फ चार महिने का समय बचा है,इसलिए ठेकेदार जैसे तैसे गारंटी अवधि पूरी होने का इंतजार कर रहा है और गारंटी अवधि पूरी होते ही ठेकेदार इस सडक की स्थिति को सुधारना तो दूर की बात इस सडक की तरफ देखेगा भी नहीं है।

इनका कहना है...

ऐसा नहीं है, जो भी सडकों का निर्माण किया जाता है,उनकी समय समय पर निगरानी की जाती है। आप जिन सडको के बारे में बता रहे है उन सडको की स्थिति का पता करवाते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सतेन्द्र सिंह चौहान
महाप्रबंधक पीएमजीएसवाय योजना श्योपुर

राजौरा गांव तक बनी 12 किलोमीटर लंबी सडक कई जगह से धंसक गई है तो कही जगह से सडक का डामर उखड गया है। सडक किनारे के सोल्डर भी बैठक ले गए है। यह सब सडक के घटिया निर्माण का नतीजा है। जिम्मेदार इस दिशा में तत्काल ध्यान देकर स्थिति को सुधरवाए। क्योंकि अभी गारंटी अवधि समाप्त होन में चार महीने शेष है।

गिरिजाशंकर मीणा
समाजसेवी बेहडावदा

श्रीखाटूश्याम मंदिर पर आज मनेगा झूला महोत्सव, होगी महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के कलारना रोड स्थित श्रीखाटूश्यामजी मंदिर पर 23 अगस्त रविवार को पुत्रदा एकादशी के उपलक्ष्य में श्रीखाटूश्याम जी का फूलो से अलौकिक श्रंगार और महाआरती की जाएगी। वहीं झूला महोत्सव भी मनाया जाएगा। इस दौरान बडी संख्या में भक्तगण यहां जुटेगे। इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

आयोजन समिति के अनुसार पुत्रदा एकादशी के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत श्रीखाटूश्यामजी का फूलो से भव्य अलोकिक श्रंगार के साथ होगी। इसके बाद बाबा की पावन ज्योति जलाई जाएगी और फिर दोपहर 12 बजे श्याम बाबा की महाआरती भी की जाएगी। इसके बाद झूला महोत्सव शुरू होगा। झूला महोत्सव के दौरान श्याम बाबा को झूले में विराजित किया जाएगा। जिसके दर्शनों के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु यहां मंदिर पर जुटेगे।आयोजन समिति ने इस कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह सभी श्यामप्रेमियो से किया है।




अमानक निकले बीज से फसल हुई खराब, एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

किसानों को अधिक उत्पादन का लालच देकर बेचा गया बीज अमानक निकला जिससे फसल पनपने के बजाय उलटे बर्बाद हो गई। दुकानदार के झांसे में आकर किसान न सिर्फ अपनी मूल पूंजी गंवा बैठे बल्कि फसल उत्पादन से भी मेहरूम हो गए। किसानों ने अपने साथ हुई इस धोखाधड़ी की शिकायत ढोढर थाने में पहुंचकर करते हुए बीज विक्रेता पर एफआईआर दर्ज कराने के लिए ज्ञापन दिया है।

थाना प्रभारी ढोढर के नाम सौपे गए ज्ञापन उल्लेख किया गया है कि कई ग्रामीणों ने निजी दुकानदार से जो बीज खरीदा था उस पर विक्रेता ने फसल का अधिक उत्पादन होने की बात कही थी और हमने उसकी बातों में आकर उक्त बीज खरीदकर खेतों में डाल दी लेकिन उक्त बीज पनपने के बजाए खराब हो गए । खराब बीज के कारण लगभग 50 किसानों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ा है। किसानों ने अमानक बीज बेचने वालों पर एफआईआर की मांग करते हुए मांगे नहीं माने जाने पर सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।



खबर संक्षेप

शासकीय कार्य में बांधा पहुंचाई और मारपीट की

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत महेश्वर धुर्वे निवासी छिन्दबाड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम देवरछी के आम रास्ते पर चन्द्रपाल यादव, देवेन्द्र यादव ने शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई, गाली गलौच की,वाहन का शीशा फोड़ दिया और उससे मारपीट की।

युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम खोरबरी निवासी रमसू पुत्र तुलाराम लोधी उम्र 40 साल ने अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है,मामले की जांच की जारी है।

धोखाधड़ी पूर्वक 30 हजार रुपए निकाले

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत कबीरा रोड़ निवासी सोनू कोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि किसी अज्ञात आरोपी ने फरियादी के खाते से 30 हजार रूपए ऑनलाईन धोखाधड़ी करके निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

संरक्षक मंडल की बैठक आज आयोजित होगी

अशोकनगर। अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद अशोकनगर की जिला कार्यकारणी एवं संरक्षक मंडल की प्रथम बैठक का आयोजन 23 अगस्त रविवार को दोपहर 10.30 बजे रघुवंशी धर्मशाला अशोकनगर में रखा गया है। बैठक में उपस्थित कार्यकारणी में शामिल पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सामाजिक निष्ठा की शपथ दिलाई जाएगी। सामाजिक संगठन की गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी तथा आगामी कार्य योजना उपस्थित सदस्यों की सहमति से तैयार की जाएगी।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत जेल के सामने निवासी जितेन्द्र रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू, रघुवंशी, राजकुमार रघुवंशी, और जीवन यादव ने पुरानी रंजिस पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नयापुरा निवासी अंकुर दुवे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विशाल,आकाश, आनंद चंदेल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गिन्दौरा थाना इन्दार जिला शिवपुरी निवासी चंदू जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पचबावडी निवासी सौरभ, छितरिया और गुडडी बाई जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मामोन निवासी संजीत गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पंचम, पप्पू और रंजीत गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मूडरा निवासी लालचंद लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रघुराज लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देवरछी निवासी तोफान सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी चन्द्रपाल, देवेन्द्र और कलेक्टर यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

गोस्वाती तुलसीदार की जयंती मनाई

आरोन। गोस्वामी तुलसीदास की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। नवीन मानस भवन सनातन धर्म मण्डल ट्रस्ट आरोन पर 1008 संतदास जी महन्त अयोध्या धाम के मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्ज्वलित कर गोस्वामी तुलसीदास का पूजन पंडित ब्रजेश महाराज, धनराम भार्गव, हीरालाल व्यास, ने सामूहिक स्वस्तिवाचन किया गया। गोस्वामी जी के द्वारा हिन्दुओं को धैर्य, साहस, त्याग, करुणा वसुधैव कुटुंबकं, सर्वेभवन्तु सुखिन, का संदेश श्री राम चरित मानस के माध्यम से जन सामान्य तक पहुंचाया।

शिविर का उद्देश्य आमजन को पात्रतानुसार सेवाएं उपलब्ध कराना: कलेक्टर

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे ग्रामीणजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को पात्रतानुसार शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं को उपलब्ध कराना है। जिससे जनता के मन में शासन के प्रति विश्वास परिपक्व होता है। इस आशय के विचार कलेक्टर साकेत मालवीय ने शुक्रवार को जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम पंचायत कजराई में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर में व्यक्त किये।

शिविर में कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार प्रति सप्ताह जिले के विकासखण्ड में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले के विकासखण्ड मुंगावली एवं चंदेरीमें शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। विकासखण्ड अशोकनगर में यह शिविर आज शुक्रवार को ग्राम कजराई में आयोजित किया गया। शिविरों के माध्यम से आमजन को हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। आवेदनों का समय सीमा में निपटारा किया जा रहा है। आमजन के लिए मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर उपयोगी साबित हो रे हैं। अभी तक तीनों शिविरों के माध्यम से 2136 शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण विभागीय अधिकारियों के माध्यम से कराया गया है। इन अवधि में विभागों में लंबित सीएम हेल्पलाइन,लोक सेवा गारंटी के समय सीमा के प्रकरण तथा विभागों में विभिन्न प्लेटफार्म पर लंबित आवेदनों का निराकरण किया गया। उन्होंने कहा कि उद्यम संवाद के माध्यम से युवाओं को उद्यम एवं स्वरोजगार स्थापित करने हेतु प्रेरित कर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोकनगर जजपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में जिलों में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविरों का आयोजन प्रत्येक शुक्रवार को कराया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ एवं शिकायतों का मौके पर ही निराकरण कराया जा रहा है।

हितग्राहियों को शासकीय सेवाओं और हितलाभ का किया वितरण



कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा राजस्व विभाग के माध्यम से लालजीराम अहिरवार,यशपाल यादव एवं हरिराम सेन को फौती नामांतरण, धर्मेन्द्र यादव को नामांतरण के प्रमाण पत्र वितरित किये गये।इसी प्रकार जनपद पंचायत द्वारा कलाबाई,किशन जाटव एवं बाबूलाल को वृद्धावस्था पेंशन,पार्वती बाई को कल्याणी पेंशन के स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनुराधा, अनुज, व्यारसी बाई एवं नीलम बाई को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही आर्यस, प्रियांश सेन को जन्म प्रमाण पत्र,चांदनी,प्रीति अहिरवार, कृष्णा, राधिका, राजपाल एवं उमा को जजनी सुरक्षा के अंतर्गत 1400 रूपये के स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम में शालिगराम को कान की मशीन,वृंदावन राजपूत को सीएम हेल्पलाइन की शिकायत के निराकरण संबंधी पत्र प्रदान किया गया है। विद्युत विभाग द्वारा शालिग सेन,बृजेश अहिरवार को पम्प कनेक्शन के लिए 05 रूपये में विद्युत कनेक्शन की स्वीकृति प्रदान की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, जिला पंचायत सदस्य शीतल कलावत, शीला जाटव, एसडीएम अशोकनगर इसरार खान,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शैलेन्द्र यादव, सतेन्द्र कलावत, सरपंच कल्पना कलावत सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

परिवार जन कोतवाली थाना पहुंचे

बिलाला मिल रोड पर पति-पत्नी के विवाद के बाद घर में तोड़-फोड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्थानीय बिलाला मिल रोड पर मारपीट और विवाद की घटना के बाद घर में तोड़ फोड़ की गई, जिसके बाद परिवार जन घटना की रिपोर्ट कराने के लिए सिटी कोतवाली पहुंचे। इस दौरान 50 हजार रूपए भी घर से ले जाने का आरोप भी लगाया गया है।

पूरे मामले की कहानी यह है कि इस विवाद की शुरूआत पति पत्नि के बीच से हुई, इस दौरान महिला पर मारपीट करने और घर में तोड़ फोड़ करने का आरोप लगाया गया है जिसके बाद कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। घटना में पति ने बताया कि उसकी पत्नि कुछ समय पहले घर छोड़कर चली गई थी और किसी अन्य युवक के साथ रहने लगी थी,शुक्रवार को वह अचानक घर आ गई और विवाद करने लगी। जहां महिला ने घर में सामान फेंक दिया व पति और उसकी मां के साथ मारपीट की। घर के बाहर बाईक खड़ी थी उसे भी नुकसान पहुंचाया और जो 50 हजार रूपए रखे हुए थे उन्हें अलमारी से निकाल कर ले गई। जब घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई तब पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद महिला वहां से चली गई पुत्र और उसकी मां शिकायत करने कोतवाली थाना पहुंचे। महिला की मां भी कटनी जिले की रहने वाली है उसका कहना है कि उसकी बेटी की शादी 2012 में हुई थी, मां का आरोप है कि उसकी बेटी के 2 से 3 युवकों से संबंध है इसी वजह से वह अपने पति को परेशान कर रही है। उसने भी अपनी बेटी को कई बार समझाया लेकिन वह नहीं मानी, फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पिपरई में थाना अजाक द्वारा जनचेतना शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, प्रभारी डीएसपी अजाक ओमप्रकाश मिश्रा के मार्गदर्शन में 21 अगस्त को थाना पिपरई क्षेत्र के कस्बा पिपरई में थाना प्रभारी अजाक निरीक्षक बृजमोहन रावत द्वारा जनचेतना, जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लगभग 45-50 नागरिकों ने सहभागिता की। पुलिस अधिकारियों द्वारा उपस्थित नागरिकों को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के प्रावधानों, उनके अधिकारों एवं कानून में उपलब्ध संरक्षण के संबंध में आवश्यक विधिक जानकारी दी गई। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विरुद्ध होने वाले अपराधों एवं अत्याचारों के संबंध में कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया तथा उनके निराकरण के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। शासन द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के हित में संचालित सुविधाओं एवं राहत राशि के संबंध में जानकारी दी गई। जाति प्रमाण-पत्र बनवाने में आने वाली समस्याओं एवं उनके निराकरण की प्रक्रिया के संबंध में जागरूक किया गया। किसी भी प्रकार की पुलिस संबंधी समस्या अथवा अपराध की स्थिति में कंट्रोल रूम, संबंधित थाना एवं थाना अजाक अशोकनगर से संपर्क करने की जानकारी दी गई तथा संबंधित दूरभाष नंबर उपलब्ध कराए गए। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 से संबंधित पैम्फलेट वितरित कर आमजन को उनके अधिकारों एवं कानूनी संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा उपस्थित नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार के अपराध, भेदभाव, उत्पीड़न अथवा अत्याचार की घटना होने पर भयभीत न हों और तत्काल पुलिस को सूचना दें। कानून सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए है तथा पुलिस प्रशासन समाज के सभी वर्गों के साथ संवेदनशीलता एवं निष्पक्षता के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। शिविर के दौरान थाना प्रभारी अजाक निरीक्षक बृजमोहन रावत, थाना प्रभारी पिपरई निरी0 नरेन्द्र त्रिपाठी, सउनि दिनेश कुशवाह एवं प्रआर राजेश चैहान उपस्थित रहे। जनचेतना शिविर का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि नागरिकों को उनके अधिकारों, कानून एवं उपलब्ध शासकीय सहायता के प्रति जागरूक कर एक सुरक्षित, समान एवं सद्भावपूर्ण समाज के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।



बालिका छात्रावास में 100 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

पिपरई। पिपरई स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास में शुक्रवार को छात्राओं के स्वास्थ्य को लेकर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरई की चिकित्सा टीम द्वारा छात्रावास में उपस्थित करीब 100 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। छात्रावास अधीक्षिका जसवंती सहरिया ने बताया कि बरसात के मौसम में लगातार मौसम परिवर्तन होने के कारण छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े और सभी छात्राएं स्वस्थ रहें, इसी उद्देश्य से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरई के डॉ.आशीष पहेलिया एवं डॉ. नीलम यादव सहित स्वास्थ्य विभाग के समस्त स्टाफ ने छात्राओं की जांच की तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिया। इसके बाद छात्रावास अधीक्षिका जसवंती सहरिया, सहायक वार्डन नीता श्रीवास्तव सहित छात्रावास के समस्त स्टाफ का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। छात्रावास प्रबंधन ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्राओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर समय-समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए जाना आवश्यक है।

स्वास्थ्य केंद्र पर ताला, मरीज परेशान; हाजीनगर में स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ करैरा

करैरा विकासखंड के ग्राम हाजीनगर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र शनिवार दोपहर करीब एक बजकर 38 मिनट पर बंद मिला। केंद्र के मुख्य दरवाजे पर ताला लगा था। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र कुशवाह और सहायक नर्स दाई मौजूद नहीं मिलीं। स्वास्थ्य केंद्र बंद मिलने से स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पहुंचे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर काफी देर तक कोई स्वास्थ्य कर्मचारी नजर नहीं आया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने केंद्र के सफाईकर्मी को फोन कर जानकारी दी, जिसके बाद सफाईकर्मी मौके पर पहुंचा। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के संबंध में पूछे जाने पर सफाईकर्मी ने बताया कि वे आंगनवाड़ी केंद्र जनकपुर गए हैं। हालांकि, इस संबंध में करैरा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नारायण कुशवाह ने बाद में जानकारी दी कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी लंगूरी की आदिवासी बस्ती में दस्तक अभियान के तहत गए हुए थे।

इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करैरा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नारायण कुशवाह से फोन पर संपर्क किया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में दस्तक अभियान चल रहा है और वे बैठक के सिलसिले में शिवपुरी में हैं। उन्होंने मामले की जानकारी लेने की बात कही। इसके बाद खंड चिकित्सा अधिकारी ने पुनः फोन कर स्पष्ट किया कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी लंगूरी की आदिवासी बस्ती में गए हुए थे।

शनिवार को केंद्र बंद, सेवाओं की नियमितता पर सवाल



हाजीनगर का आयुष्मान आरोग्य मंदिर ग्रामीणों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां ग्रामीण सामान्य बीमारी, जांच, दवा और अन्य स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में केंद्र पर ताला लगा मिलने से स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार गांव में डॉक्टर की उपलब्धता भी नियमित नहीं है। ग्रामीणों में चर्चा है कि डॉक्टर मंगलवार को आते हैं। हालांकि, डॉक्टर की उपस्थिति को लेकर विभाग की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी इस मामले में सामने नहीं आई है। शनिवार को दोपहर के समय केंद्र बंद मिलने की घटना ने स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन और कर्मचारियों की उपलब्धता को लेकर सवाल खड़े किए हैं।

सरकारी आवास बने निजी संस्थाओं का सुरक्षित आशियाना

एक तरफ कलेक्टर का खाली कराने का फरमान, दूसरी तरफ राजस्व विभाग बांट रहा अलॉटमेंट लेटर, सिविल अस्पताल निर्माण पर असमंजस

अशोकनगर। जिले में लंबे समय से सरकारी आवासों के दुरुपयोग का एक बड़ा मामला सामने आ रहा है। नियम-कायदों को ताक पर रखकर शासकीय क्वार्टरों को निजी संस्थाओं और रसूखदारों के लिए रहने का अड्डा बना दिया गया है। राजनीतिक पहुंच और बढ़ते वर्चस्व के बल पर निजी संस्थानों के लोग इन सरकारी मकानों पर कब्जा जमाए बैठे हैं, जबकि जरूरतमंद शासकीय कर्मचारियों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। ऐसा ही सब कुछ चंदेरी में सिविल अस्पताल को लेकर असंमंझस की स्थिति बनी है।

हाल ही में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पहल पर वर्तमान सिविल अस्पताल के पास खाली पड़ी राजस्व, पंचायत और कृषि विभाग की भूमि पर नए अस्पताल के निर्माण की योजना बनाई गई है। इसके लिए अशोकनगर कलेक्टर द्वारा परिसर में स्थित शासकीय क्वार्टरों को तत्काल खाली करने के कड़े निर्देश जारी किए गए थे। लेकिन हैरानी की बात यह है कि एक तरफ जहां जिला प्रशासन अस्पताल निर्माण के लिए जगह खाली कराने का आदेश दे रहा है, वहीं दूसरी तरफ राजस्व विभाग उन्हीं क्वार्टरों में निजी संस्थाओं के लोगों को रहने की अनुमतियां (अलॉटमेंट) बांट रहा है। प्रशासन के इस दोहरे रवैये से प्रस्तावित सिविल अस्पताल के काम में अड़चन आने की आशंका बन गई है। नगर में बने शासकीय निवासों की स्थिति इतनी खराब है कि अधिकांश मकानों में अनधिकृत लोग काबिज हैं। सबसे ज्यादा चैंकाने वाली बात यह है कि सरकारी क्वार्टर आवंटित किसी अधिकारी या कर्मचारी के नाम पर है, लेकिन उसमें उनके रिश्तेदार, संबंधी या निजी लोग मजे से रह रहे हैं।



स्वरोजगार योजनाओं के 640 स्वरोजगारियों को 2.35 लाख का किया गया हितलाभ वितरण

युवा संगम कार्यक्रम में 193 प्रारंभिक चयन व 144 को दिए ऑफर लेटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय पर कलेक्टर साकेत मालवीय के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को शासकीय नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर में युवा संगम कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत उद्यम संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विभागों द्वारा हितग्राहियों का चयन कर बैंक के माध्यम से उद्योग स्थापित करने हेतु ऋण प्रदान किये जाते है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास उद्यम संवाद का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं के अंतर्गत पात्रता प्राप्त युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। ऋण प्राप्त करकर आवेदन स्वंय एवं अन्य व्यक्तियों के लिए रोजगार मुहैया कराने के लिए सुदृढ़ होता है। जिससे अर्थव्यवस्था में सुधार होता है। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थितजनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में सफल उद्यमी राजकुमार सोनी,राव शंकर चैबे और आकाश जैन ने अपने अनुभव साझा किए। युवा संगम कार्यक्रम में 193 का प्रारंभिक चयन व 144 को मौके पर ही ऑफर लेटर दिये गये।





युवा संगम कार्यक्रम में 268 युवाओं का पंजीयन कराया एवं इसमें 8 कंपनियों ने 193 का शॉर्टलिस्टिंग करते हुए 144 आकांक्षी युवाओं मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किये गए। युवा संगम में विभिन्न सेक्टर की निजी क्षेत्र की कंपनियां शामिल हुई जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए ऑफर लेटर उपलब्ध कराये गये।

कार्यक्रम में स्वरोजगार योजनाओं के 640 स्वरोजगारियों को 2.35 लाख का हितलाभ वितरण किये इसके साथ ही उपस्थित युवाओं को लीड बैंक द्वारा वित्तीय सहायता की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में युवा संगम कार्यक्रम के साथ ही मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत उद्यम संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न विभागों ने अपने विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी दी और शासन की महत्वपूर्ण विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओ के 640 हितग्राहियो को 2.35 लाख का हितलाभ वितरण किये इसके साथ ही उपस्थित युवाओं को लीड बैंक द्वारा वित्तीय सहायता

मौके पर ही किया गया हितलाभ वितरण

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अम्बेडकर स्व सहायता समूह, भोलेनाथ स्व सहायता समूह, लक्ष्मी स्व सहायता समूह, राधा स्व सहायता समूह, राधा रानी और श्री गणेश स्व सहायता समूह रूप से 70.50 लाख को वितरण कराया गया। इस दौरान उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्यम उन्नयन योजना के रोशन चैरसिया को 8.85 लाख एवं अरविंद अहिरवार को 2.25 लाख, जिला अंत्यावसायी विभाग से राकेश जाटव, रंजीत अहिरवार, संगीता अहिरवार और धर्मेंद्र अहिरवार को संत रविदास स्वरोजगार योजना एवं डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना में 1-1लाख, जनजातीय कार्य विभाग से मछलाबाई आदिवासी का किराना दुकान हेतु टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में 98 हजार का ऋण स्वीकृति का वितरण हुआ।

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र विभाग द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में कल्पना शर्मा, रितु यादव, ओमकार पुरी को 50 हजार से 2 लाख रुपए का वितरण कराया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी व महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सत्येंद्र लोधा, जनपद पंचायत सीईओ अशोकनगर शैलेंद्र यादव, तहसीलदार आलोक श्रीवास्तव,मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान, आईटीआई प्राचार्य एवं प्रभारी रोजगार अधिकारी नीरज घनघोरिया आधिकारी/कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।